तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 5 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



4 उपभोक्ता बाजार में नहीं लौटे किसान, निगम भी ...






2 आखिरकार टाउनशिपवासियों को बिजली बिल हाफ ...





## खबर संक्षेप

### अजजा वर्ग के खिलाड़ियों का चयन 12 व 13 को

**डौण्डी।** शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर डौण्डी में अनुसूचित जनजाति के रिक्त 48 खिलाड़ी छात्रों का चयन किया जाना है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन 10 बिन्दुओं के आधार पर किया जाएगा। चयन प्रतियोगिता कक्षा छठवीं से आठवीं तक के लिए 12 जून तथा 9वीं व 11 वीं के लिए 13 जून निर्धारित किया गया है।

### ब्लॉक गन्ना उत्पादक किसान 7 को देंगे धरना

**गुरूर।** ब्लॉक गन्ना उत्पादक किसान संघ की बैठक गायत्री मंदिर में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विषय पर चर्चा की गई। इसमें प्रमुख रूप से 7 जून को बालोद बस स्टैंड में होने वाले धरना प्रदर्शन के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि गन्ने का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 291.75 पैसे की दर से किसानों को प्राप्त हो गई है, किंतु शेष बकाया राशि किसानों को अब तक नहीं मिली है। अध्यक्ष दुलारू राम साहू ने बताया कि गन्ने की शेष राशि अब तक किसानों को प्राप्त नहीं हुई, जिसके संबंध ज्ञापन सौंपने के बाद भी प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर जिले के समस्त गन्ना उत्पादक किसान अपनी मांगों का निराकरण 5 जून तक नहीं होने पर 7 जून को 11 बजे ने नए बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन पर अध्यक्ष ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है।

### गोंडवाना युवा महोत्सव 11 व 12 को, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**डोंडी।** आगामी 11 व 12 जून को बेलोदा ग्राम में दो दिवसीय कार्यशाला एवं युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सामाजिक पदाधिकारियों व युवक-युवतियां की आवश्यक बैठक 4 जून को बेलोदा ग्राम में रखी गई। कार्यक्रम के लिए सदस्यों को विभिन्न कार्यों के लिए प्रभार सौंपा गया। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम स्थल सुनिश्चित कर निरीक्षण किया गया। बैठक में आत्माराम कौर ब्लॉक अध्यक्ष गोंडवाना समाज, गंगा राम दर्रो, भोलाराम नेताम, समीर धुर्वे, अनीता कुमेटी, साधना सोरी, धन्नू नुरेटी, दीनदयाल गावड़े, सर्कल अध्यक्ष मानसिंग दर्पट्टी, शिवलाल टेकाम, जगनु राम मंडावी, सुकाल गावडे गंभीर नुरुटी, सुनील कोरेटी, बिरेंद्र उसेंडी, पवन गोटा, देव कोर्राम, रविन्द्र गावड़े, चंद्रेश उसेंडी, राहुल ध्रुव, अजय मंडावी, नागेंद्र कुंजाम, सचिन कोर्मरा, केशरी कोरेटी,मोना गावड़े, रेणुका जुर्री, एवं समस्त ग्रामवासि उपस्थित रहे।

### शिक्षिका से 18 हजार की ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** शिक्षिका के साथ ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि एमआईजी 2/371 हुडको निवासी संगीता पटेरिया शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोसा नगर सुपेला में शिक्षिका के रुप में कार्यरत है।

1 जून को शिक्षिका के मोबाइल पर शाम को अज्ञात ने फोन कर पति का एलआईसी का पैसा आने का झांसा दिया। 12 हजार रुपये भेजने की बात कर मोबाइल पर 10 हजार रुपए भेजा। आरोपी ने शिक्षिका से 2000 भेजा और मैसेज 20,000 रुपए का आया। अज्ञात ने फोन कर कहा कि गलती से शिक्षिका खाते में 20 हजार रुपए डालने की बात कहता रहा। इस दौरान आरोपी ने 18 हजार रुपए वापस लौटाने की बात कहता रहा और झांसे में आकर आरोपी के खाते में शिक्षिका ने 18 हजार रुपए लौटा दिए। दोबारा रुपए भेजने की बात कहने पर शिक्षिका ने खाता चेक करने पर कोई भी रुपए उसके पास नहीं आया। इस तरह शिक्षिका से आरोपी ने ठगी कर लिया।

## मतगणना : जिला मुख्यालय स्थित मंडी प्रांगण में हुई तीनों विधानसभा के मतों की गणना

# भाजपा उम्मीदवार बघेल की ऐतिहासिक विजय

# जिले से 1 लाख 27 हजार वोटों की अजेय बढ़त







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत दुर्ग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 7 मई को संपन्न हुए मतदान के बाद मंगलवार को मतों की गिनती की गई। जिला मुख्यालय स्थित मंडी प्रांगण में मतगणना का कार्यक्रम निर्धारित समय पर सुबह 8:00 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुआ। बेमेतरा जिला गठन के बाद यह पहला अवसर है, जब लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विजय बघेल को जिले से 1 लाख 27000 मतों से भी ज्यादा की बढ़त मिली। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में तीनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को लगभग 35 हजार मतों की ही बढ़त मिली थी, लेकिन महज 6 महीने में यह बढ़त 1 लाख 27000 तक जा पहुंची। निश्चित रूप से यह भाजपाइयों के लिए बेहद ही लगन एवं मेहनत का परिणाम ही कहा जा सकता है।

- **अकेले बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से मिली 50 हजार की लीड**

### नवागढ़ से 41 हजार और साजा क्षेत्र से 37 हजार वोटों की बढ़त

### दुर्ग भेजे गए आंकड़े

जिला मुख्यालय बेमेतरा में उम्मीदवारों को प्राप्त मतों की संख्या राउंड वाइज आंकड़े सहित लोकसभा मुख्यालय दुर्ग भेजे गए, जहां से दुर्ग जिला एवं बेमेतरा जिले में मिले वोटों के आधार पर परिणाम की घोषणा निर्वाचन अधिकारी द्वारा की गई। बहरहाल मतगणना की औपचारिकता पूरी होने के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा उम्मीदवारों को मिले वोटों की जानकारी लोकसभा मुख्यालय दुर्ग भेज दी गई है।



### सभी राउंड में भाजपा उम्मीदवार को मिली बढ़त

मतगणना शुरू होने के बाद प्रथम राउंड से ही तीनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवार विजय बघेल अपने निकटतम प्रतिबंध कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू से लगातार बढ़त बनाए हुए थे, जो अंतिम राउंड की गणना तक जारी रही। शाम लगभग 6 बजे मतगणना पूरी हो गई। मतगणना में मिले आंकड़ों पर यदि नजर दौड़ाएं तो अकेले बेमेतरा से विजय बघेल को 50 हजार से भी ज्यादा मतों की बढ़त मिली। वहीं नवागढ़ विधानसभा में 41 हजार और साजा विधानसभा में लगभग 37 हजार से भी ज्यादा मतों की बढ़त भाजपा उम्मीदवार बघेल को प्राप्त हुई। इस तरह से बेमेतरा जिले में उक्त बढ़त ने अब तक हुए चुनाव में अपना एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

### कार्यकर्ताओं में उत्साह, मनाया जश्न

लोकसभा उम्मीदवार विजय बघेल को मिले ऐतिहासिक वोटों के आंकड़ों को देखकर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मतगणना समाप्त होने के बाद भाजपा कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी करते रहे। इस दौरान मुख्य रूप से बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू के साथ-साथ बेमेतरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह, राजेंद्र शर्मा, संजय बघेल, राजीव चौबे, राकेश खिचरिया ,परमेश्वर वर्मा, नरेंद्र वर्मा, शिव साहू सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देकर जमकर आतिशबाजी की।

### विधायक दीपेश ने जताया मतदाताओं का आभार

मतगणना संपन्न होने के बाद मतगणना स्थल पर ही बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से 50 हजार मतों से भी ज्यादा बढ़त बनाए जाने पर मतदाताओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने बताया कि यह प्रत्येक कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है, कि महज 6 महीने में ही भाजपा के वोटों में खासा इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जहां उन्हें 9000 मतों से ही जीत मिली थी, वहीं, लोकसभा चुनाव में यह आंकड़ा बढ़कर 50000 तक पहुंच गया है, तो निश्चित रूप से सरकार की उपलब्धि एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है।

## धूमधाम से मनाई गई सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राजपूत क्षत्रिय चौहान महासभा 5980 द्वारा अखंड भारत के अंतिम हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जन्म जयंती पूरे छत्तीसगढ़ में हिंदी तिथि ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी के दिन धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर बेमेतरा शहर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड में ठंडा पानी, शरबत, फल वितरण कर खुशियां मनाई गई। इस दौरान समाज जनों ने वीर शिरोमणी सम्राट की वीरता पूर्ण कार्यों को याद किया तथा क्षत्रिय संस्कारों को आत्मसात करने का दृढ़ निश्चय किया। इस अवसर पर क्षत्रिय चौहान महासभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष ठाकुर टिकेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश संगठन मंत्री विनोद सिंह, शिवसेना जिलाध्यक्ष दाऊ सिंह चौहान, रांका इकाई अध्यक्ष ठाकुर गुमेश सिंह, सचिव सिया सिंह, बलदाऊ सिंह, बेमेतरा जिला युवा प्रभारी तुषार सिंह राजपूत, कमल सिंह चंदेल, गुमेश सिंह, प्रेम सिंह व सभी क्षत्रिय समाज के बंधु उपस्थित थे।





## नौतपा के बाद बदला मौसम का मिजाज तापमान में आई गिरावट, मिली कुछ राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

9 दिनों का नौतपा समाप्त हो गया है। नौतपा के समाप्त होते ही मौसम में परिवर्तन हुआ है। तापमान में 5 से 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है, जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी और तपती धूप से थोड़ी राहत मिली है।

आगामी एक सप्ताह के भीतर जिले में मानसून दस्तक दे सकता है, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। जिलेवासियों को मानसून का बेसब्री से इंतजार है। मानसून का इंतजार जितना लोगों को है उतना ही जिले के नदी, तालाब और बड़े बड़े जलाशयों को भी है, क्योंकि जिले के लगभग अधिकांश तालाब, नदी और जलाशय सूख चुके हैं यानिकि लोगों की प्यास बुझाने वाले जलाशय खुद प्यासे हैं। ऐसे में जलाशयों को भी मानसून का इंतजार है।



### आए दिन टूट रही हाईटेंशन तार, मरम्मत के दावे फेल

भीषण गर्मी के कारण एक ओर जहां लो-वोल्टेज ने लोगों को परेशान किया, तो वहीं आए दिन हाईटेंशन तार टूटने की खबर भी सामने आई। जबकि विद्युत विभाग द्वारा लगातार मरम्मत करने और मेंटेनेंस करने का दावा किया जा रहा है। लेकिन, तार टूटने और बिजली पोल गिरने की घटनाएं सामने आने से विद्युत विभाग के दावों की पोल खुल गई है। मानसून से पहले यह स्थिति देखने को मिल रही है, तो मानसून के दिनों में आंधी तूफान से स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

### लाखों की लागत से 20 साल पहले हुआ था निर्माण, एक बार भी नहीं हुआ उपयोग

## सलधा में शो-पीस बनी पानी टंकी, पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग साजा अंतर्गत आने वाले ग्राम सलधा में पिछले 20 साल पुरानी पानी टंकी अनुपयोगी व शो-पीस बन कर ही रह गयी है। इस टंकी का निर्माण नल जल योजना के तहत ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध कराने किया गया था। लेकिन, अब तक इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि 20 वर्ष पहले पीएचई विभाग द्वारा ग्राम सलधा में लाखों रुपये की लागत से नल जल योजना के अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण कराया गया है। लेकिन, 20 सालों के बाद भी इस पानी टंकी का कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है। वहीं, खस्ता हाल व जर्जर हो गई है। नतीजा यह रहा कि यहां के ग्रामीण नल-जल योजना के लाभ से अब तक वंचित हैं। स्थिति यह है कि आज तक पीएचई विभाग ने टंकी की सुरक्षा व्यवस्था व मापदंडों को दरकिनार कर मौन साधे बैठे हुए हैं। इस ओर तनिक भी ध्यान नहीं दिया जा रहा।



इस संबंध में सेवा सहकारी समिति सलधा के अध्यक्ष सुदर्शन साहू का कहना है कि पानी टंकी 20 साल पहले बनकर तैयार हो चुकी है, लेकिन आज तक एक बार भी चालू नहीं की गई। वहीं, टंकी में खराबी होने पर नीचे बोर के माध्यम से गांव में पानी की उपयोग ग्रामीण कर रहे हैं। वहीं इस मामले में नाराज़ ग्रामीण भी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। यही समस्या रही तो आने वाले समय में ग्रामीणों के लिए पीने का पानी उपलब्ध हो पाना असंभव होगा।

### हमेशा बना रहता है खतरा

उधर, 20 साल पहले बनी अनुपयोगी हो चुकी पानी टंकी जर्जर की स्थिति हो गयी है। इसके कारण खतरा हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों को हमेशा इसका भय लगा रहता है। ग्रामीणों की माने तो गर्मी के दिनों में पानी की बहुत ज्यादा किल्लत होती है। ग्रामीण बताते हैं कि मई के महीने में गांव के कुछ हैंडपम्प पानी की जगह हवा उगलते हैं। वहीं, इस महीने ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। लेकिन, आज तक जिम्मेदारों ने उचित कदम उठाना मुनासिब नहीं समझा।

### चीजगांव में शनिदेव प्रतिमा की स्थापना कल

**बेमेतरा।** समीपस्थ ग्राम चीजगांव में गुरुवार को शनि जयंती के पावन अवसर पर श्री शनिदेव प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। शनिदेव के लिए मंदिर प्रांगण ग्रामीण समाज के सहयोग से बनाया गया है। इस दिन गांव में त्यौहार भी मनाया जा रहा है। त्यौहार के दिन सभी कृषि काम-काज बंद रहता है। शनिदेव के लिए मंदिर निर्माण गौठान स्थित हनुमान मंदिर के बाजू में पीपल पेड़ के समीप किया गया है। अजय साहू ने बताया कि मूर्ति स्थापना के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# तापमान कम होने से मैत्रीबाग में पर्यटकों की बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मानसून की दस्तक के साथ ही तापमान कम होने से अब मैत्रीबाग मे रौनक बढ़ जाएगी। भीषण गर्मी के दिनों के बाद पखवाड़ेभर तक तापमान 40 डिग्री के अंदर और बादलों व फुहारों का होगा। यह खुशनुमा मौसम लोगों को मैत्रीबाग की ओर खींचेगा। इसके देखते हुए यहां मनोरंजन की सुविधाएं अपडेट किए जाने की जरुरत है। मैत्रीबाग में पिछले पांच साल से बंद झील में बोटिंग का संचालन फिर शुरु कर दिया गया है। इसका बच्चे और युवा जमकर लुत्फ उठार रहे हैं। लेकिन वे मैत्रीबाग में लंबे समय से म्यूजिकल फाउंटेन और मिनी ट्रेन का संचालन बंद होने से निराश हैं। म्यूजिकल फाउंटेन व बच्चों की ट्रायट्रेन बिगड़ी पड़ी है। इसे पांच साल बाद भी ठीक नहीं किया जा सका है। दोनों ही बच्चों और युवा पर्यटकों के आकर्षण के प्रमुख साधन हैं। मैत्रीबाग आए लोगों ने बताया कि इनके टेक्निकली रिपेयर हो जाने से पर्यटकों की इनकी सुविधा फिल से मिलने लगेगी और मैत्रीबाग की आय भी बढ़ेगी। गौरतलब हो कि वर्ष 2000 में मैत्रीबाग में लगाया गया आकर्षक म्यूजिकल फाउंटेन अपनी तरह का पूरे भारत में इकलौता फाउंटेन है। इसे देखने के लिए खास तौर पर ट्विनसिटी के साथ दूरदराज से भी लोग यहां आते थे। यह मधुर म्यूजिक के अनुरुप थिरकती जलतरंगों को देख लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। इसका शो हफ्ते में तीन दिन शाम को होता था। फाउंटेन के खराब होने के बाद अब तक इसे रिपेयर नहीं करने से पांच साल से अधिक समय से वीरान पड़ा हुआ है।

## म्यूजिकल फाउंटेन और बच्चों की ट्रेन बंद होने से बच्चे निराश



### मैत्री एक्सप्रेस को हरी झंडी का इंतजार

मैत्रीबाग में म्यूजिक फाउंटेन की तरह बच्चों की मिनी ट्रेन भी लंबे समय से बिगड़ी पड़ी है। अपने पालकों के साथ बच्चे इस आकर्षक ट्रेन में प्रकृतिक का नाजारा लेते हुए सफर करते बेहत रोमांचित होते हैं। सफर 15 मिनट का होता है। मैत्री एक्सप्रेस नामक इस बेबी ट्रेन के लिए करीबन एक फर्लांग नैरोगेज की तरह घुमावादरा ट्रेक बिछाया गया है। मैत्री रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म व बुकिंक काउंटर भी है। ट्रेन के लिए गैराज व यार्ड भी बना हुआ है। ट्रेन सुंदर हरेभरे सघने पेड़ों के जंगल,पुलियों और घाटियों से गुजरती है। लेकिन ब्रिटिशकालीन ट्रेन का इंजिन के बाजार में पाट्‌र्स नहीं मिलने से बिगड़ा पड़ा है। पंद्रह साल में कई बार इंजिन बिगड़ा लेकिन प्रबंधन के तत्कालीन मैत्रीबाग प्रभारी श्री क्षक्षिय जैसे टेक्निशियंस ने इसे ठीक करने में सफलता प्राप्त कर ली। लेकिन पिछले कुछ समय से यह चुनौती बना हुआ है । पर्यटकों ने ट्रेन को जल्द शुरु किए जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### दहेज के नाम पर प्रताड़ित पत्नी ने लगाई फांसी, पति गिरफ्तार

**भिलाई।** दहेज के नाम पर प्रताड़ित होती पत्नी ने आत्महत्या कर लिया था। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पुलिस ने धारा 304 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि 29 मई को पूनम घर पर अकेली थी। पति अरूण प्रताप सिंह काम से बाहर गया था। आरोपी पति रात को आकर देखा तो मकान का जाली दरवाजा भीतर से बंद था। पूनम को आवाज लगाने पर भी दरवाजा नहीं खोल रही थी। पति अरूण प्रताप सिंह ने दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया तो पत्नी फांसी पर लटकी मिली। पति ने उसे शंकराचार्य अस्पताल लेकर गया। जहां अस्पताल के मेमो के आधार पर पुलिस में मर्ग कायम कर जांच में लिया। मृतिका नवविवाहिता होने से मृतिका के शव का पंचनामा कार्रवाई कार्यपालिक मजिस्ट्रेट से कराया गया। डॉक्टरो के टीम से पीएम कराया और परिजनो का बयान भी लिया गया। पुलिस ने जांच में पाया कि मृतिका का विवाह पति अरूण प्रताप सिंह से साल भर पहले हुआ था। दहेज के रूप में कार नहीं लाने को लेकर पूनम को लगातार पति प्रताड़ित करता था। पति से प्रताड़ित होने के बाद परेशान होकर पूनम ने फांसी लगा ली।

### डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट आज से

**भिलाई।** ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं एससी एंड सीए के संयुक्त तत्वावधान में डायरेक्टर इंचार्ज



ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 'डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह मंगलवार सेक्टर–1 के इंडोर स्टेडियम में सायं 6.30 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता में 17 टीमों के 272 खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग लेंगे। महिला अधिकारियों और माइंस बिरादरी की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक विशेष पहल किया गया है जिसमें दो शो मैचों के आयोजन की योजना बनाई गई है। पहला शो मैच महिला समाज 11 बनाम महिला एक्जीक्यूटिव 11 के बीच होगा और दूसरा मैच ओए 11 और माइंस 11 के बीच होगा। डीआईसी ट्राफी टूर्नामेंटके मैच 5 जून 24 से 25 जून तक निर्धारित हैं।

### ग्राम बोरी में सद्‌गुरु कबीर साहेब प्राकट्‌य उत्सव 9 को

**लाटाबोड़।** ग्राम बोरी में सद्‌गुरु कबीर साहेब का प्राकट्‌य दिवस एवं सत्संग समारोह का आयोजन 9 जून रविवार को रखा गया है। कबीर पंथी समाज के संरक्षक राजू राम साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे से शोभायात्रा के साथ होगी। उसके बाद सत्संग प्रवचन 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। फिर भोजन प्रसादी का कार्यक्रम दोपहर 1 बजे होगा। शाम 4 बजे चौका आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। श्री साहू ने बताया कि प्रवचनकर्ता महंत श्री बिरेन्द्र साहेब जी एवं भजन मंडली सुरडोंगर होंगे।

## न्याय के लिए सड़क से अदालत तक किए संघर्ष : प्रेमप्रकाश

# आखिरकार टाउनशिपवासियों को बिजली बिल हाफ का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने पाण्डेय ने बीएसपी टाउनशिपवासियों को को हाफ बिजली बिल योजना का लाभ मिलने पर सभी कार्यकर्ताओं एवं संगठनों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मंगलवार को भारत लोकसभा के चुनाव का परिणाम आयेगा और पीएम मोदी तीसरी बार देश की कमान संभालने वाले हैं। लेकिन इसके पूर्व ही बिजली बिल हाफ से उपभोक्ताओं को राहत मिली है।

श्री पाण्डेय ने बताया कि 1 जून को अंततः राज्य सरकार के द्वारा बीएसपी क्षेत्र के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दे दी गई है। योजना के तहत पिछले 6 माह का बिजली बिल की राशि लाभार्थियों के खाते में डाल दी गई है। अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 तक छह महीने का 400 यूनिट के बिजली का हाफ बिल का लाभ लाभार्थियों को मिल गया है। पहले चरण में बीएसपी के कर्मचारियों को उनके एकाउंट में राशि डाल दी गई है, वहीं दूसरे अलाटी जैसे लीजधारी हैं, अन्य घरेलू उपभोक्ता हैं, उनका इस छह महीने के बिल को उनके आने वाले बिल में वे एडजस्ट किया जायेगा।




### समानता के अधिकार की जीत

मेरा उस समय भी कहना था कि आप बीएसपी अपने सप्लाई को किसी को दे दें कोई दिक्कत नहीं लेकिन ये न कहे कि बीएसपी जिला प्रशासन , सरकार कि आपका सीएसपीडीसीएल को ट्रांसफर नहीं हो रहा है। इसीलिए इस बिजली बिल हाफ योजना का लाभ नहीं मिल सकता। हमें समानता का अधिकार है कि कोई भी राज्य की सरकार यदि किसी एक उपभोक्ता को सब्सिडी देती है तो समानता के अधिकार के तहत हम भी एक उपभोक्ता हैं, हमें भी इसका लाभ मिलना चाहिए।

श्री पाण्डेय ने कहा कि सबसे पहले भिलाई के उन तमाम लोगों को जिन लोगों ने इस हाफ बिजली योजना की लड़ाई लगातार तीन चार वर्षों से लड़ते समय हमारा साथ दिया उनका इस लड़ाई की जीत का परिणाम आने पर सभी को बधाई भी देता हूं। उन्होंने कहा कि जब पहली बार मैंने इस विषय को उठाया था तब तत्कालीन मुख्यमंत्री सहित स्थानीय कांग्रेस के कई नेताओं के द्वारा एवं अधिकारियों के द्वारा यह बार-बार बताया जाता था कि जब तक टाउनशिप के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट को राज्य सरकार के सीएसपीडीसीएल को ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। तब तक प्रदेश सरकार की घरेलू उपभोक्ताओं को मिलने वाली 400 यूनिट के बिजली बिल हाफ योजना का लाभ नहीं मिल सकता है। यह नैरेटिव चारों तरफ से सेट कर दिया गया था।

### सीएम का जताया आभार



श्री पाण्डेय ने कहा कि इस लड़ाई लेकर हम लोग मैदान, विधानसभा के साथ कोर्ट में और मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, ऊर्जा सचिव सबसे पत्राचार किये, अंततः चुनाव के समय फिर सरकार ने एक आदेश जारी किया। सितंबर-अक्टूबर से योजना का लाभ दिया जाएगा। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आदेश जारी तो किया, लेकिन पैसा नहीं दिया। श्री पाण्डेय ने कहा कि हम प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हैं कि उन्होंने पैसा एडवांस दिया है, और अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 तक का वह पैसा लाभार्थियों को वापस दे दिया गया है।

# बोरिया गेट के निकट ट्रेलर ने सुरक्षा जवान की पत्नी को कुचला, मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बोरिया गेट पर भारी वाहनों की बेतरतीब आवाजाही और चौराहे को जाम के चलते सोमवार को सड़क दुर्धना में एक सुरक्षा जवान की पत्नी की जान चली गई । शव को सेक्टर 9 हॉस्पिटल की मरच्युरी में रखा गया है। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

उतई में तैनात सीआइएसएफ जवान संजय भोसले चुनाव ड्‌यूटी में कोलकाता गए हुए हैं। उनकी पत्नी बेटे के साथ चाइना मार्केट सामान लेने पहुंचीं। सामान लेने के बाद जैसे ही बाइक सड़क पर आई, उसी समय एक ट्रेलर ने टक्कर मार दिया। महिला बाइक से गिर गई और पहिए के नीचे सिर आ गया। मौके पर ही मौत हो गई और सामान सड़क पर बिखर गया। दुर्घटना के बाद सीआईएसएफ के अधिकारी और जवान अपने कमरे के बाहर निकले और ट्रैफिक व्यवस्था को संभाला। उल्लेखनीय है कि पिछले लंबे समय से सभी यूनियनें बोरिया गेट पर भारी वाहनों के जमावड़े और जाम से संयंत्रकर्मियों को परेशानी से निदान की मांग कर रहे हैं। मौके पर मौजूद यूनियन नेताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह हादसा नहीं हत्या है। लगातार इसकी आशंका जाहिर की जा रही थी। लेकिन, सीआइएसएफ भी पल्ला झाड़ रहा था। आज सीआइएसएफ जवान पर ही आफत आ गई है। बोरिया गेट पर सीआइएसएफ जवान रोज तमाशा देखते रहे। अब कमांडेंट से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक पहुंच गए और व्यवस्था सुधारने पर बात होने लगी है।

## बीएसपी ने हटाए अवैध होर्डिंग्स....



**भिलाई।** बीएसपी के तोड़े दस्ते ने सोमवार को न्यू सिविक सेंटर तथा ओल्ड सिविक सेंटर क्षेत्र से विभिन्न एजुकेशन संस्थाओं द्वारा लगाए अवैध बैनर पोस्टर फ्लेक्स हटाए। विभिन्न स्थानों पेड़ आदि पर लगाए गए थे प्रवर्तन विभाग की टीम द्वारा सभी अवैध बैनर पोस्टर होर्डिंग्स को हटाया गया। इस कार्रवाई के दौरान 600 अवैध होर्डिंग्स बैनर पोस्टर इत्यादि निकल गए इसके साथ ही 03 चलित विज्ञापन ट्राली भी जप्त कर लाया गया । प्रवर्तन अधिकारियों ने कब्जे नहीं किए जाने की चेतावनी दी है।

# बीएसपी के कोको वन में दुर्घटना चार ठेका मजदूर हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कोको वन के बैटरी नंबर 8 के चिमनी के टेनल को सफाई करने के दौरान टेनल में लगे, रिफ्रैक्ट्री ईट के अचानक भरभरा कर गिर जाने से नीचे कार्य कर रहे चार श्रमिक घायल हो गए । इनमें एक महिला श्रमिक उलसी बाई, अशोक, पंडित लोकनाथ, भीखम साहू के ऊपर ईटों के गिरने से घायल हो गए । उलसी बाई की स्थिति गंभीर है । उसे सेक्टर नौ हास्पिटल के आईसीयू में रखा गया है।

दुर्घटना में घायल मजदूर भीखम साहू का पैर फैक्चर हुआ है । दो की स्थिति सामान्य है । तीनों ठेका श्रमिकों को सेक्टर नौ हास्पिटल के डी 1 वार्ड में प्राथमिक उपचार के लिए रखा गया है।

दुर्घटना की जानकारी होने पर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह और मनोहर लाल तुरंत मेंन मेडिकल, पहुंच कर प्राथमिक उपचार करवाने के बाद बेहतर इलाज के लिए सेक्टर 9 अस्पताल पहुंच कर डॉक्टर एवं ठेका कंपनी से चर्चा किया । इलाज के दौरान परिवार को सहयोग करने के लिए ठेका कंपनी से चर्चा किया गया।





# प्लाट का विवाद कोर्ट में, बीएसपी न करे नीलामी : प्रेमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष केएन प्रेमनाथ के अधिवक्ता आरपी प्रजापति ने बीएसपी प्रबंधन को परिपत्र देकर न्यायालय में विचाराधीन प्रेमनाथ के निवा, व कब्जे वाले विवादित प्लाट 153 जोनल मार्केट सेक्टर 10 को नीलामी से बाहर रखने का आग्रह किया है। जारी विज्ञप्ति में बताया है कि प्लाट नं. 153 जोनल मार्केट सेक्टर 10 की नीलामी के लिए टेंडर निकालना अवैध है। क्योंकि यह प्लाट पिछले 30,32 साल से बीएसपी के उच्चाधिकारियों व नगर सेवाएं के अधिकारियों और कर्मचारियों के के बीच प्लाट के संबंध में सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट और दुर्ग न्यायालय में मामला विचाराधीन है। प्रेमनाथ के अधिवक्ता ने बीएसपी के उच्चाधिकारियों व विभागीय अधिकारियों से अपील की है कि प्रेमनाथ के निवास व कब्जे वाला प्लाट 153 को नीलामी से बाहर रखा जाए। प्रेमनाथ ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्लाट की नीलामी की टेंडर निकालना उनके साथ धोखा है।

- बीएसपी प्रबंधन से की गई अपील

## कार्यबल के बीच सुरक्षा के प्रति चेतना जरूरी

# पीसीबी प्लांट में सुरक्षा जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा पली क्लोरो बाइफिनाइल (पीसीबी) डिस्ट्रक्शन प्लांट में सुरक्षा जागरूकता अभियान संपन्न हुआ। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षा प्रोटोकल को सुदृढ़ करना और संयंत्र के कार्यबल के बीच सुरक्षा के लिए जागरुक करना है। इस अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में शैक्षिक कार्यशालाएं, सुरक्षा ड्रिल और इंटरैक्टिव सत्र शामिल था। इस दौरान हानिकारक सामग्री के संचालन एवं प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया, प्रक्रियाओं और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) के उपयोग जैसे आवश्यक सुरक्षा विषयों पर केंद्रित कार्यशालाएं आयोजित की गईं। मुख्य महाप्रबंधक दिव्येंदु लाल मोइत्रा ने कहा "हमारे कर्मचारी हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति हैं, और उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।महाप्रबंधक संजय कुमार ने भी जागरुक किया।




### सुरक्षा मानकों की दी जानकारी

महाप्रबंधक के प्रवीन द्वारा यह प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिससे कर्मचारी, नवीनतम सुरक्षा मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं से भलीभांति परिचित हो सके। इस दौरान आपातकालीन ड्रिल के बारे में भी जानकारी दी गई। सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत आपातकालीन स्थितियों हेतु कर्मचारियों को तैयार करने के लिए अग्नि और निकासी ड्रिल आयोजित की गईं ।

# परीक्षा में फेल होने से दुखी 12वीं के छात्र ने की खुदकुशी

**रायपुर।** परीक्षा में फेल होने की गम में खुदकुशी करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में सोमवार को 12वीं के एक छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक बैरनबाजार होलीक्रास में पढ़ाई कर रहा था। मृतक के पास से सुसाइड नोट मिलने की बात सामने आई है। पुलिस सुसाइड नोट की जांच कर रही है। पढ़ाई में फेल होने पर राज्य में 15 दिन के अंदर यह छठवां मामला है। पुलिस के मुताबिक रविग्राम में रहने वाले प्रखर चौकसे ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। पुलिस को जो जानकारी मिली है कि प्रखर दोपहर में अपने कमरे में गया था। शाम होने पर भी वह अपने कमरे से नहीं निकला, तो परिजनों ने उसे आवाज देकर बुलाने की कोशिश की।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508133

## खबर संक्षेप

### टीबी की दवाएं सभी जिलों में उपलब्ध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में टीबी की दवाएं एक से डेढ़ माह के लिए उपलब्ध है। नई दिल्ली के सेंट्रल टीबी डिवीजन द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसके अंतर्गत टीबी के मरीजों को उपचार के लिए दवाइयों की आपूर्ति की जाती है। जिलों से मांग अनुसार दवाइयां राज्य ड्रग स्टोर से आपूर्ति की जा रही है। शीघ्र ही सेन्ट्रल टीबी डिवीजन से दवाईयों का नया स्टॉक भी प्राप्त हो जावेगा। बताया गया है कि सेन्ट्रल टीबी डिवीजन द्वारा राज्य व जिलों के अधिकारियों के मदद के लिए हेल्पडेस्क बनाया गया है, जिस पर जारी हेल्पलाईन नम्बर पर कॉल कर दवा से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता या पूछताछ प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त टीबी मरीज या आम नागरिकों को दवा या उपचार से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई जानकारी लेनी हो, तो निःशुल्क राज्य हेल्पलाइन नंबर 104 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव 7 को

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में 7 जून को अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम दरबार के महंत अम्मा मीरा देवी के मार्गदर्शन में होगा। इस कार्यक्रम में रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, चकरभाटा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, धमतरी, दल्ली राजहरा, राजनांदगांव, दुर्ग-भिलाई से 11 धाम से श्रद्धालु शिरकत करेंगे। इसी दौरान सुबह 11 बजे अखंड धुनी पाठ साहब शुरू होगा। इसके बाद आरती, सत्संग, कीर्तन शाम 5 बजे महिला मंडल द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, सुशील केशवानी, पवन प्रितवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे।

### सौरभ बने सोनकर समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**रायपुर।** प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सोनकर समाज और केंद्रीय पदाधिकारियों के सर्वसम्मति से रायपुर से सौरभ इंदुरिया सोनकर को छत्तीसगढ़ सोनकर समाज युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत कर किया है। बैठक में युवा प्रकोष्ठ की विस्तार भी किया गया। सौरभ सोनकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सोनकर समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रथम अध्यक्ष बनने के बाद फिर से अध्यक्ष मनोनीत होना मेरे परिवारजन एवं राज के लिए खुशी का पल है। छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा अभी वर्तमान में पूरे प्रदेश में 14 स्कूल संचालित किए जा रहे हैं।

### सराफा चुनाव के लिए आज से नामांकन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव के लिए बुधवार से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। नामांकन फार्म 5 से 7 जून तक मिलेंगे, जबकि प्रत्याशी अपने नामांकन 5 से 8 जून तक जमा कर सकेंगे। चुनाव अधिकारियों ने सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया। इस पर एक ही आपत्ति आई थी, जिसे खारिज कर दिया गया। दो साल विलंब से सराफा एसोसिएशन का चुनाव राजधानी रायपुर में 23 जून को होना है। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 28 मई को किया गया था। इसके बाद दावा-आपत्ति मंगाई गई।

# शमशानघाट की जमीन पर निगम का कब्जा, चार साल से गोबर खरीदी केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लावारिस लाशों को दो गज जमीन देने वाले नगर निगम ने अब खुद ही शमशानघाट पर कब्जा कर लिया है। यहां बाकायदा गोबर खरीदी केन्द्र खोलकर आसपास गोबर को डंप कर दिया गया है। इससे लावारिश तो दूर, वारिसों की लाशों को दफनाने के लिए दो गज जमीन के लाले पड़े हैं। इस बात को लेकर स्थानीय नागरिक वार्ड पार्षद के साथ जोन दफ्तर से लेकर निगम आयुक्त तक का दरवाजा खटखटा चुके हैं, लेकिन 4 साल बीतने के बाद भी निगम प्रशासन ने शमशानघाट से कब्जा नहीं हटाया, जबकि गोबर खरीदी केन्द्र महीनों से बंद पड़ा है।

नगर निगम जोन 7 क्षेत्र में दिशा कालेज के सामने कोटा के शमशानघाट में एक अरसे से संतरामदासवार्ड और सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के रहवासी अंतिम संस्कार के लिए इस मुक्तिधाम का उपयोग करते आ रहे हैं। संबंधित इलाके में 50 फीसदी आबादी देवताहा और 50 फीसदी लोग कबीरपंथी समाज से है। इनमें अंतिम संस्कार और लाश को दफनाने की परंपरा रही है।

## अस्थायी व्यवस्था बताकर गुजार दिए 4 साल

### जोन में अन्यत्र जगह नहीं

कोटा में शमशानघाट वाली जमीन का मजबूरी में उपयोग करना पड़ा। जोन क्षेत्र में गोबर खरीदी केन्द्र खोलने अन्यत्र जगह नहीं मिली। जन शिकायत पर विचार करेंगे।
- **जसदेव सिंह बांबरा,** कमिश्नर, जोन 7 नगर निगम रायपुर



### थमा नहीं चौतरफा विरोध, विधायक से शिकायत की तैयारी

मुक्तिधाम में अवैध रूप से नगर निगम जोन 7 के अधिकारियों द्वारा बिना लिखित आदेश के परिसर में गोबर से कंडा निर्माण और निर्मित भवन को कब्जे में लेने का चौतरफा विरोध हुआ। वार्ड से लेकर नगर निगम की सामान्य सभा में इसकी गूंज रही। पार्षद भोलाराम साहू, पूर्व एल्डरमैन प्रकाश यादव, मुक्तिधाम समिति के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर उपाध्याय, पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष रामनगर साहू समाज गोपी साहू, परिक्षेत्र रामनगर साहू समाज के अध्यक्ष कमलनारायण साहू, आदि ने गुहार लगाई।

### 7 एकड़ का शमशानघाट 3 एकड़ जमीन पर निगम का कब्जा


सूत्रों के मुताबिक जनहित में सामाजिक जरूरत को देखते हुए एक अरसे से 7 एकड़ जमीन को शमशान घाट के लिए सुरक्षित रखा गया, पर इसमें से 3 एकड़ जमीन पर नगर निगम ने जबरिया गोबर खरीदी केन्द्र खोल रखा है। इसके कारण लोगों को दिवंगतों के अंतिम संस्कार व दफन संबंधी क्रियाकर्म के लिए जगह की कमी महसूस हो रही है। अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले पहले जिस चबूतरे पर बैठा करते थे, वहां गोबर खरीदने की मशीन रखी है।

### आश्वासन झूठा निकला



*स्थानीय रहवासी और परिक्षेत्र रामनगर साहू समाज के अध्यक्ष कमलनारायण साहू ने कहा, शमशानघाट की सरकारी जमीन पर निगम ने कब्जा कर रखा है। इसका हम पिछले 4 साल से विरोध कर रहे हैं। तुंहर सरकार तुंहर द्वार के समय महापौर एजाज ढेबर को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। तब उन्होंने जनता को आश्वस्त किया गोबर खरीदी केन्द्र अस्थायी है, जगह मिलते ही इसे यहां से हटा देंगे, पर उनका आश्वासन झूठा निकला।*

### न छांव न बैठने के लिए जगह : गोपी साहू



*7 एकड़ के शमशानघाट में 3 एकड़ जमीन पर निगम ने कब्जा कर रखा है। दाह संस्कार के समय बैठने के लिए जो चबूतरा बना था, उसमें भी निगम का कब्जा है। दिक्कत ये है न वहां छांव है न बारिश से बचने जगह बची।*

## लापरवाही की तो कड़ी कार्रवाई

# सीएम साय के निर्देश-सभी किसानों को 15 तक खाद बीज कराएं उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आगामी खरीफ सीजन के मद्देनजर सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज की उपलब्धत कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारी मानक स्तर के खाद-बीज का भंडारण एवं उठाव की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखें। उन्होंने 15 जून तक किसानों को उनकी डिमांड के आधार पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज प्रदाय किये जाने की व्यवस्था सोसाइटियों के माध्यम से करने को कहा है, ताकि किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इस संबंध में पहले से ही पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने सोसाइटियों में खाद-बीज के भंडारण और वितरण में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के भी निर्देश दिये है। मुख्यमंत्री ने अपने खेती-किसानी के दीर्घ अनुभव के आधार पर कहा है कि खरीफ सीजन में किसान भाईयों द्वारा डीएपी खाद की मांग ज्यादा की जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डीएपी खाद की मांग और सप्लाई पर विशेष निगरानी रखी जानी चाहिए। उन्होंने खाद-बीज की गुणवत्ता को लेकर भी सेंम्पलिंग एवं प्रयोगशाला के माध्यम से जांच का विशेष अभियान संचालित किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने इलाके में खाद-बीज की मांग, भंडारण, उठाव एवं गुणवत्ता की मानिटरिंग के निर्देश दिये हैं।

**मांग के विरुद्ध खाद का भंडारण 67 प्रतिशत :** कृषि उत्पादन आयुक्त ने जानकारी दी है कि खरीफ सीजन 2024-25 के लिए राज्य में 13.68 लाख मैट्रिक टन उर्वरकों की मांग के विरुद्ध तक 9.13 लाख मैट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता है, जो मांग का 67 प्रतिशत है। सोसाइटियों से किसानों को खाद-बीज का लगातार वितरण जारी है। राज्य में खाद-बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जांच-पड़ताल एवं नमूने लिये जा रहे हैं।

### खाद की जांच के लिए एक हजार नमून लिए गए :

रासायनिक उर्वरकों एवं जैव उर्वरकें के गुण नियंत्रण के लिए 1067 नमूने लिये गए है, जिनकी जांच गुण नियंत्रक प्रयोगशाला में करायी जा रही है। सोसायटियों में विभिन्न खरीफ फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। खरीफ सीजन 2024-25 में 5 लाख 59 हजार 203 क्विंटल बीज की मांग के विरूद्ध 6 लाख 39 हजार 4 क्विंटल बीज की उपलब्ध है, जो कि मांग का 114 प्रतिशत है। सोसायटियों से किसान लगातार बीज का उठाव कर रहे है। अब तक 03 लाख 75 हजार क्विंटल बीज का उठाव किसानों ने किया है, जो कि बीज की डिमांड का 67 प्रतिशत है।

## डिप्टी सीएम शर्मा बोले- नक्सलवाद को समाप्त करना और बस्तर तक विकास ले जाना ही होगा

**रायपुर।** प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, बस्तर से नक्सलवाद को समाप्त करना ही होगा। बस्तर में विकास भी जरूरी है। हमें बुलेट नहीं बैलेट चाहिए, गनतंत्र नही जनतंत्र चाहिए तभी विकास संभव है, लेकिन बात यह है, नक्सलवाद क्या है? वे क्या चाहते हैं, कोई जस्टीफाई करके बता दे। बस्तर के किसी गांव में स्कूल, अस्पताल, सड़क, आंगनबाड़ी, बिजली, पानी, मोबाइल के टॉवर, ये क्यों नहीं पहुंचने चाहिए, कोई बता दे। हम लोगों ने कोशिश की थी कि बस्तर के बहुत दूरस्थ क्षेत्रो से युवाओं को लेकर के हम लोग रायपुर लाए थे। वो युवा पहली बार रायपुर आए थे। उनमें से 25 साल के लड़के थे, जिन्होंने कभी टीवी नहीं देखा था। आप कल्पना करें, 25 साल के लड़के ने टीवी नहीं देखा है। सोचो कैसी जिंदगी होगी। डिप्टी सीएम ने ये बातें यहां पर सिविल लाइन स्थित वृंदावन हाल में आयोजित लोकतंत्र बनाम माओवाद थ्येन आनमन की विरासत के बोझ विषय पर बस्तर शांति समिति द्वारा आयोजि कार्यक्रम में कही। श्री शर्मा ने कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संकल्प लिया है कि बस्तर से 3 साल में ही हम नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। उस दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार आगे बढ़ रही है और निश्चित रूप से बस्तर से हम नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। श्री शर्मा ने कहा मुख्यमंत्री का बहुत स्पस्ट सोचना है, नक्सलवाद को समाप्त करना ही होगा। बस्तर के गांव तक विकास ले जाना ही होगा। मेरे जैसे छोटे मोटे कार्यकर्ता भी इस पर लगे हुए हैं।

## सीमेंट प्लांट में एचओडी की हत्या

**भिलाई।** सीमेंट प्लांट में एचओडी की हत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुची और शव का देखने पर मृतक खुन से सना मिला। पुलिस ने हत्या का अपराध कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि राजीव नगर जामुल निवासी कोल हैडलिंग प्लांट का एचओडी बालराजू राव की लाश भीतर में पड़ी मिली। जिसे पहले कार्यरत कर्मियों ने देखा फिर पुलिस को सूचना दी गई। इस हत्या के मामले में पुलिस ने सीपीसी इंचार्ज संजय तिवारी समेत उनके साथियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। परिजनों के मुताबिक बालराजू रोज की तरह घटना के दिन भी काम पर गया हुआ था। बीते कुछ दिनों से प्लांट में कोयले की दिक्कत को लेकर सीपीसी के इंचार्ज संजय तिवारी से विवाद चल रहा था। कोयले की कमी के चलते सीमेंट प्लांट भी दो दिन से बंद था। बालराजू काम का अधिक लोड होने पर संजय तिवारी पर काम सही से करने का दबाव बनाया था। इसी बात को लेकर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। हत्या सीपीसी प्लांट के पीछे गैलरी में सुबह 8-9 बजे के बीच होना बताया जा रहा है। मामले में कंपनी प्रबंधन कुछ भी कहने से इंकार कर रहा है। सिर्फ इतना ही बताया गया है कि कर्मी की मौत हुई है। मृतक की पत्नी की पहले ही कैंसर के चलते दो साल पहले ही मौत हो चुकी है। उनकी दो बेटियां हैं। उनकी परवरिश बालराजू ही कर रहे थे।






# राशन घोटाले की जांच के लिए पुन्नूलाल के नेतृत्व में बनी सदन की समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के आदेश पर विधानसभा सचिव ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छह अरब के राशन घोटाले के लिए विधानसभा समिति की घोषणा कर दी। पांच सदस्यों की समिति के सभापति पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नू लाल मोहले को बनाया गया है। समिति में दो पूर्व मंत्री राजेश मूणत और विक्रम उसेंडी को रखा गया है। कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल और संगीता सिन्हा को जांच समिति में है। समिति के सचिव दिनेश शर्मा, विधानसभा सचिव रहेंगे। कोरोना काल में प्रधान मंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना के लाखों क्विंटल चावल का वितरण नहीं करने के मुद्दे को पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने विधानसभा में उठाया था। राशन दुकानों से चावल, शक्कर सहित अन्य राशन सामग्री की काला बाजारी का आरोप लगाया गया। कांग्रेस शासन काल में राशन घोटाले का बड़ा खेल हुआ।

### रमन ने लिखा था केंद्र को पत्र

तब डॉ. रमन सिंह ने केंद्र शासन को पत्र लिखकर ईडी अथवा सीबीआई से जांच कराने की मांग की थी। संचालनालय के अपर संचालक ने राज्य से जानकारी भेज कर ये सोच लिया कि मामला खत्म हो गया।

### सरकार बदलने के बाद फिर उठा मामला

विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के हारने के बाद भाजपा सत्ता में आई तो बजट सत्र में धरम लाल कौशिक ने राशन घोटाले के मुद्दे को उठाया। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल मामले में ठीक से जवाब नहीं दे पाए। खाद्य मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विधायक धरम लाल कौशिक, राजेश मूणत, अजय चंद्राकर सहित अनेक विधायको ने राशन घोटाले के लिए पूर्व शासन के मंत्री सहित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही और विधान सभा समिति से जांच की मांग की थी।

## साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

### आम सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्रांतर्गत दीपका विस्तार परियोजना हेतु ग्राम मलगांव के निम्नलिखित प्रभावित भू–विस्थापित एवं उनके द्वारा नामित आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल मे रोजगार उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति बाबत प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है। प्रस्ताव मे प्रभावित खातेदार/नामित आश्रित द्वारा संलग्न भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजो मे भिन्नता पाई गयी है। विवरण निम्नानुसार है –

| क्र. | भूमि दस्तावेज के अनुसार भू–स्वामी का नाम एवं पिता का नाम | | | | | | नामांतरण पंजी/फौती नामांतरण | खाता नं./अर्जित खसरा नं. | कुल अर्जित भूमि | | आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम पिता का नाम एवं जन्मतिथि | आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार नामित व्यक्ति का नाम एवं पिता का नाम एवं जन्मतिथि | अन्य (विभिन्न दस्तावेजों मे खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) (आधार कार्ड के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पत्रक V व VI के अनुसार | बी1 (2001–02) के अनुसार | पी–II के (2000–01) के अनुसार | बी1 (2019–20) के अनुसार | पी–II के (2019–20) के अनुसार | मुआवजा प्राप्ति रशीद के अनुसार | | | हे.मे. | एकड़ में | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1. | फूल बाई पिता मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई पिता मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई पिता मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई पुत्री मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई पुत्री मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई कंवर पिता मनमोहन सिंह | फूल बाई पिता मनमोहन सिंह पति द्वारिका सिंह | खाता नं. –110 खसरा नं. – 134/1, 558/5 | 1.230 | 3.04 | 1. आधार कार्ड–भुवन पाल कंवर पिता द्वारिका सिंह कंवर 2. निवास प्रमाण पत्र– भुवन पाल पिता द्वारिका सिंह 3. जाति प्रमाण पत्र – भुवन पाल पिता द्वारिका सिंह 4. वंशवृक्ष 5. 8 वीं अंक सूची– भुवनपाल पिता द्वारिका सिंह | भुवनपाल कंवर पिता स्व द्वारिका सिंह जन्मतिथि – 16/11/1995 (8 वीं अंक सूची के अनुसार) | भुवन पाल कंवर पिता द्वारिका सिंह कंवर |

उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम फूलबाई पिता मनमोहन, सजन कुँवर बेवा मनमोहन तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम भुवन पाल कंवर पिता द्वारिका सिंह पढ़ा एवं समझा जावे। अतः किसी भी संबन्धित व्यक्ति को उक्त व्यक्तियों के पहचान पर कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजो प्रमाणो के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। अन्यथा समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति अमान्य होगी।

सही/–
महाप्रबंधक, एसईसीएल दीपका क्षेत्र

